53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

आप सभी को हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनाएं

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Happy Teej

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष: 53/अंक : 206 रविवार, 27 जुलाई 2025 श्रावण, शुक्ल पक्ष, तृतीय सम्वत् 2082 कुल पृष्ठ-4 मूल्य 3 रुपये

# 'मर जाएंगे, पर जमीन नहीं देंगे!'

# अधिग्रहण के खिलाफ किसानों का ऐलान

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** जानसठ बाईपास स्थित शेरनगर में पाँच गाँवों के किसानों ने सरकार द्वारा 4700 बीघा जमीन अधिगृहीत करने के विरोध में एक विशाल पंचायत का आयोजन किया। किसानों के बुलंद इरादों और एकजुटता ने पुलिस-प्रशासन को हिलाकर रख दिया। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि वे अपनी जमीन किसी भी कीमत पर नहीं देंगे, भले ही इसके लिए उन्हें अपनी जान ही क्यों न देनी पड़े। किसानों का आरोप है कि सरकार शेर नगर गाँव के किसानों को बर्बाद करना चाहती है। पंचायत में मौजूद किसानों ने बताया कि द्वारिका सिटी, गोकुल सिटी और सुरेंद्र नगर जैसी बड़ी सोसाइटियाँ भी शेरनगर की जमीन पर ही बनी हुई हैं और उन्हें भी 'आवास विकास' के नाम पर किसानों से जबरन लिया गया था। मगर, इस बार वे जमीन अधिग्रहण के नाम पर कोई फजीवाड़ा नहीं होने देंगे। इस आंदोलन



को आगे बढ़ाने के लिए सरवट, कूकड़ा, धंधेड़ा, शेरनगर और बिलासपुर, इन पाँच गाँवों के ग्रामीणों ने मिलकर एक संघर्ष समिति का गठन किया है। यह समिति आने वाले समय में अगले आंदोलन और धरने की रणनीति तय करेगी। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि वे अपनी पुश्तैनी जमीन बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

**किसानों ने मीडिया के कैमरे के सामने कहीं ये बात...**

गांव शेरनगर निवासी किसान **तौसीफ चौधरी** ने बताया कि "हमारे यहां आस-पास गोकुल सिटी, वृंदावन, द्वारिका सिटी, सुरेंद्रनगर, ओम पैराडाइज उनके जैसी दो-चार सिटी और है। इसके अलावा एन-58 और 709-AD के चौड़ीकरण में भी हमारी जमीन चली गई और अब हमारे पास एक ही जमीन बच रही है, इस पर भी सरकार की नजर है। सरकार हमारी कृषि की भूमि को छीनकर प्राइवेट सेक्टर में देना चाहती है। अभी कुछ दिन पहले हरियाणा के कुछ बिल्डर आए थे। उनका कहना था कि हम सरकार के द्वारा जमीन एक्वायर करेंगे और इस पर प्राइवेट प्लॉटिंग करेंगे। उन्होंने बताया कि किसानों की जमीन अधिग्रहण को लेकर नोटिस भी आए हैं, जिसका हमने जवाब दिया है। 250 खसरा नंबरों के 700 किसानों को प्रशासन की तरफ से नोटिस आया थे। इसके खिलाफ में सभी किसानों ने अपनी जमीन न देने की इच्छा जताई और अपनी आपत्ति दर्ज कराई।"



कूकड़ा गांव के **प्रमोद राठी** ने बताया कि "यहां पहले भी दो बार पंचायत हुई है और सरकार आवास विकास कॉलोनी के नाम पर किसानों की जमीन लेना चाह रही है। उसके विरोध में यह पंचायत हुई है। उन्होंने बताया कि यहां पंचायत में निर्णय लिया गया है कि किसान अपनी जमीन नहीं देंगे और मुजफ्फरनगर में पहले से ही आवास विकास कॉलोनी है आज तक वह कॉलोनी भी पूरी तरह विकसित नहीं हुई।"



गांव शेर नगर के किसान **मोहम्मद माजिद** ने कहा कि "एक ओर तो योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें बढ़ावा देने का काम कर रही है, दूसरी ओर आवास विकास परिषद किसानों की जमीन हथियाना चाह रहा है। किसान ने कहा कि यह बहू फसलीय कृषि है, परिषद के इस फैसले पर रोक लगनी चाहिए।



## फल व्यापारी की केले की कैरट में अचानक सांप दिखाई देने से हड़कम्प

**चरथावल, 26 जुलाई (बु.)।** कस्बे में स्थित बस स्टैंड पर फल व्यापारी की केले की कैरट में अचानक सांप दिखाई देने पर हड़कम्प मच गया। फल व्यापारी सांप को देखकर हतप्रभ रह गया। सांप का शोर सुनकर लोगों की भीड़ लग गयी। इसकी सूचना वन विभाग को दी गयी। वन विभाग की टीम न पहुंचने पर कुछ साहसी युवकों ने केलों के साथ ही सांप को बोरे में भरकर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। चरथावल कस्बे में शनिवार को फल विक्रेता इमरान प्रतिदिन की भांति बस स्टैंड के किनारे फलों की दुकान लगाकर फल बेच रहा था। शाम के समय जैसे ही फल विक्रेता ने एक ग्राहक को देने के लिए कैरेट से केलों का गुच्छा उठाना चाहा, तभी अचानक कैरेट में सांप दिखाई देने से भयभीत फल विक्रेता ने अपना हाथ पीछे खींच लिया और वह सांप के डसे जाने से बाल-बाल बचा। भयभीत फल विक्रेता के मुंह से आवाज नहीं निकली। भयभीत देखने पर आसपास के लोगों द्वारा पूछने पर फल विक्रेता ने इशारे से बताया। भयंकर सांप को देखकर लोगों की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गयी। इसकी सूचना वन विभाग को दी गयी, लेकिन घण्टों तक भी वन विभाग की टीम न पहुंचने पर लोगों में रोष व्याप्त हो गया। वहीं साहसी जयवीर सैनी नामक दुकानदार ने अन्य लोगों के सहयोग से सांप को केले के गुच्छे सहित कैरेट से प्लास्टिक के कट्टे में उलट लिया और सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया, तब लोगों की जान में जान आयी।

**उत्तराखंड में धर्मांतरण के खेल के तार आगरा-पाकिस्तान-दुबई तक जुड़े, डिकोड हुई ब्रेनवॉश मोडस ऑपरेंडी**

## अम्मी और बहन कहती रही भाई बेगुनाह है, खालापार के अबु तालिब का निकला देहरादून से कनेक्शन

**देहरादून, 26 जुलाई (एजेंसी)।** उत्तराखंड पुलिस ने धर्मांतरण के एक बड़े मामले का खुलासा किया है, इस मामले तार मुजफ्फरनगर के खालापार निवासी अबु तालिब से जुड़े हैं। इस मामले के तार यूपी के चर्चित आगरा धर्मांतरण केस से भी जुड़ रहे हैं, बल्कि धर्मांतरण के इस गिरोह का इंटरनेशनल कनेक्शन दुबई और पाकिस्तान से भी जुड़ रहा है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मांतरण केस में आगरा पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें से कुछ आरोपियों की संलिप्तता देहरादून में चल रही जांच में भी पाई गई है। देहरादून पुलिस को ये भी पता चला है कि पीड़िता जब नाबालिग थी तो फेसबुक पर उसकी दोस्ती अबू तालिब से हुई थी। जिसने उक्त यूवती का ब्रेनवॉश किया। आरोप है कि अब्दुर रहमान (निवासी सहसपुर देहरादून), अबूतालिब (निवासी मुजफ्फरनगर यूपी), अयान और अमन (निवासी दिल्ली) और महिला श्वेता (निवासी गोवा) उनकी बेटी को धर्मांतरण के लिए रुपयों के साथ





अन्य तरह का लालच भी दे रहे हैं, जिससे उनकी बेटी अजीब व्यवहार कर रही है। पिता का आरोप था कि आरोपी उनकी बेटी का ब्रेनवॉश करा रहे हैं। उन्हें शक था कि इस कार्य में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। 26 जुलाई को देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने इस पूरे मामले का खुलासा किया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि कैसे 2 युवतियों का इस गिरोह ने ब्रेनवॉश किया। पुलिस ने बताया कि रानीपोखरी थाने में एक व्यक्ति ने बीती 18 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी। व्यक्ति ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि उसकी 21 साल की बेटी कुछ दिनों से कुछ अजीब व्यवहार कर रही है। परिजनों ने बेटी से जब उसके अजीब व्यवहार का कारण पूछा तो पता चला कि दूसरे समुदाय के कुछ लड़के और लड़कियां बहला फुसलाकर उसका धर्म परिवर्तन कराना चाहते हैं। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने उत्तराखंड धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2018 के तहत अब्दुर रहमान समेत कई अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने मामले जांच शुरू की और पीड़िता की काउंसिलिंग कराई।

## अब तक हुए 13, ककरौली पुलिस ने जावेद नाम के 2 लोग तथा हसमत सहित तीन को दबोचा

**अब तक पकड़े को 13 के 13 लोग मुस्लिम समाज के**

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा के दौरान साम्प्रदायिक हिंसा की साजिश रचने वाले तीन और आरोपी ककरौली पुलिस गिरफ्तार किये हैं। जैसा कि एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कल भी बताया था कि पाकिस्तान के खून खराबे की वीडियो ककरौली के व्हाट्सअप ग्रुपों में डालकर मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा के दौरान साम्प्रदायिक हिंसा भड़काने वालों के आरोप में अभी अहम खुलासे होने बाकी हैं, इसी क्रम में शनिवार को ककरौली पुलिस ने जावेद पुत्र सजील निवासी जसड़ थाना सरुरपुर मेरठ, जावेद पुत्र जाहिदस निवासी मंदवाडा थाना रतनपुरी व हसमत निवासी गांव जौला थाना बुढ़ाना को गिरफ्तार किया है। एसपी देहात



आदित्य बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक उक्त मामले में 13 लोग गिरफ्तार किये जा चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने पाकिस्तान की खून खराबे की वीडियो को व्हाट्सएप ग्रुप इस्लामिक नॉलेज, जसर सुल्तान एनजीआर (यूथ ग्रुप) व भारतीय मुस्लिम राजपूत संगठन ग्रुपों में वायरल की थी। पुलिस का बताना है कि तीनों आरोपियों को क्षेत्र के सम्भलहेड़ा के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से बरामद तीन मोबाइलों की जांच शुरू कर दी गयी है। अभी उक्त मामले में और भी अहम खुलासे होने बाकी हैं।

**बोली-कागज देखकर वोट का अधिकार छीनना चाहती है सरकार**

## बिहार के अपने भाइयों का दर्द कैराना सांसद इकरा हसन की जुबान तक पहुंचा

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** शनिवार को सपा कार्यालय पर संविधान मान स्तम्भ दिवस के अवसर पर पहुंची कैराना सांसद इकरा हसन का दर्द बिहार के अपने भाईयों के प्रति साफ तौर पर दिखाई दिया। इकरा हसन ने कहा कि ये भाजपा सरकार बेईमान सरकार है। इनकी नीयत में खोट है। इसे समझना होगा और इस सरकार को हटाना होगा। साथ ही साथ कागज न दिखाने की पैरवी करते हुए उन्होंने तथ्य दिये कि ग्रामीण क्षेत्रों में हमारे पिता व दादा कहां जन्म प्रमाण पत्र बनवाया करते थे और कभी कभी तो नगर पालिका में आग लग जाने के कारण सभी दस्तावेज जलकर खाक हो जाते थे। उन्होंने कहा कि ये एसआईआर नहीं है बल्कि बैकडोर से एनआरसी है। कैराना सांसद ने कागज पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पुराने लोगों के पास किसी प्रकार के कोई कागज नहीं हुआ करते थे और चुनाव से दो महीने पहले 50-60 लाख लोगों के कागजों में कमियां निकालकर उनके वोट का अधिकार छीनने की साजिश है। उन्होंने बाबा भीमराव अम्बेडकर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमें संविधान से जीने का और हमारी सुरक्षा का आधार संविधान के जरिए ही दिलाया और आज उसी संविधान की रक्षा उन्हें खुद करनी पड़ रही है, इससे अफसोस की बात और कोई नहीं हो सकती।



इकरा हसन ने बिहार के मुस्लिमों को अपना भाई बताते हुए मुजफ्फरनगर के सपा कार्यालय पर दर्द बयां किया।

## लो जी ... भाजपा नेता जगदीश पांचाल पर लगे भू-माफिया के आरोप

**वर्षों से प्लाईवुड की दुकान करने वाले श्रीपाल जैन ने किया खुलासा**

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** शनिवार की दोपहर एकाएक भाजपा के पूर्व पिछड़ा आयोग के सदस्य जगदीश पांचाल पर उन्हीं की मार्किट में बैठे व्यापारियों ने गंभीर आरोप लगाए। यह आरोप घर बैठे नहीं लगाए गए, बाकायदा शहर कोतवाली में चल रहे समाधान दिवस में कई दुकानदारों के साथ पहुंचकर लगाए गए।

प्लाईवुड व्यापारी श्रीपाल जैन का रुड़की रोड पर आनन्दपुरी पेट्रोल पम्प के निकट प्लाईवुड का वर्षों पुराना व्यापार है। भाजपा नेता जगदीश पांचाल के उत्पीड़न से तंग आज जब व्यापारी श्रीपाल जैन शहर कोतवाली पहुंचे और अपनी तहरीर दी तो सब भौचक्के रह गए। पीड़ित ने तहरीर के साथ-साथ मीडिया के कैमरे के सामने बताया कि बैनामें में उन्हें दस फुट का रास्ता दिया गया था, जिस पर उन्होंने



दीवार कर रखी है। श्रीपाल जैन ने बताया कि 18 जुलाई को कांवड़ यात्रा के दौरान जिस समय प्रशासन कांवड़ यात्रा में व्यस्त था, उस समय जगदीश पांचाल के परिवार के लोगों ने मिलकर उनकी दीवार तोड़ डाली। विरोध करने पर उनके साथ बदसलूकी की गयी। साक्षात्कार के लिए श्रीपाल जैन ने बताया कि अगर उनकी बातों पर यकीन न हो तो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे खुलवाकर उनकी बातों की पुष्टि की जा सकती है। जैसे ही



एसएसपी ने भाजपा नेता के खिलाफ तहरीर ली तो हाथोंहाथ मामले का संज्ञान लेते हुए शहर कोतवाली पुलिस और राजस्व टीम को भेजकर जांच कराई। वहीं भाजपा नेता जगदीश पांचाल ने कहा कि उन पर निराधार आरोप लगाकर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

## देखते ही देखते बीच सड़क पर आग का गोला बनी वैगनआर



**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** शनिवार की शाम उस समय एक बड़ी जानलेवा घटना होने से बच गयी जब जानसठ रोड के अलमासपुर चौराहे के निकट वैगनआर कार संख्या यूपी 12 एएम 9631 के बोनेट में एकाएक भयंकर आग लग गयी। भयंकर आग देखकर चालक ने ब्रेक लगाए और दरवाजा खोलकर कार से कूद गया। गाड़ी चालक श्याम सुंदर बंसल पुत्र रामचन्द्र बंसल स्टेट बैंक कॉलोनी के ही निवासी हैं। श्याम सुंदर बंसल से गाड़ी से उतरने के बाद बातचीत की गयी तो उन्होंने बताया कि पहले गाड़ी के अगले पहियों में कुछ कमी महसूस हुई और फिर एकाएक बोनेट से कुछ आवाजें आने लगी। जितनी देर में वह संभल पाते, उतनी देर में आग की लपटें उठने लगी, जिस कारण उन्हें गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचानी पड़ी। आग लगने का कारण गाड़ी में कोई शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

## सफीपुर पट्टी के बाद मंदवाड़ा में दिखा ड्रोन

**दहशत का माहौल, रात में जागकर दे रहे पहरा**

**बुढ़ाना, 26 जुलाई (बु.)।** क्षेत्र के 2 गांवों में आकाश में ड्रोन देखे जाने की खबर है। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत और हड़-कंप मचने का माहौल है और रात में जागकर पहरा दिया जा रहा है। गांव सफीपुर पट्टी में अमजद और नदीम की बातों पर अगर यकीन किया जाए, तो उनके अनुसार उन्होंने दो दिन पूर्व आकाश में ड्रोन उड़ता देखा तो उन्होंने सबूत के तोर पर अपनी आवाज में ड्रोन की वीडियो बना ली और उसको वायरल कर दी ताकि और लोग सावधान हो सकें। इस दौरान डायल 112 भी सूचना मिलने पर मौके पर आई, लेकिन पुलिस खानापूर्ति करते हुए चली गयी। सफीपुर पट्टी में ड्रोन देखे जाने पर दहशत का माहौल बना है। बीती रात नौ बजे के आसपास भी गांव मंदवाडा के पास बुढ़ाना से अपना नर्सिंग होम बंद करके घर जाते समय डाक्टर फारुख सैफी और उसके पिता व एक अन्य ग्रामीणों ने चार युवकों को जंगल में देखा। जो एक स्कूटी पर कोई बाक्स लिए खड़े थे और वह बिल्कुल ड्रोन प्रतीत हो रहा था, क्योंकि उसमें पीले रंग का बल्ब जल रहा था। उन्होंने पास में कोल्हू में बैठकर चारों युवकों की संदिग्ध गतिविधि देखी, तो उनको गांव की ओर से ड्रोन उड़ता हुआ नजर आया, तो डाक्टर फारुख ने अपनी आवाज में वीडियो बना ली और एक स्थानीय समाचार पत्र को पुष्टि के लिए भेजी। गांव मंदवाड़ा के ग्रामीण भी खौफजदा हैं। इससे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि ड्रोन काफी ऊंचाई पर उड़ रहा था और इसकी गति बहुत तेज थी। अन्य कुछ लोगों ने ड्रोन की तस्वीरें भी लेने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह गायब हो गया। चर्चा के मुताबिक कुछ ग्रामीण ही वीडियो बना पाए। बुढ़ाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ड्रोन किसका था और इसका उद्देश्य क्या था। पुलिस ने लोगों से



अपील की है कि अगर किसी के पास ड्रोन के बारे में कोई जानकारी है, तो वह पुलिस को सूचना दें।? स्थानीय प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि जांच के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है। ड्रोन की गतिविधि को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि ड्रोन का उपयोग किस उद्देश्य से किया जा रहा था।


## युवती की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मीरापुर, 26 जुलाई (बु.)।** मीरापुर की युवती की करीब दो वर्ष पूर्व फुलत में शादी हुई थी। शनिवार की सुबह युवती की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती की मौत के बाद ससुराल पक्ष के लोग मौके से फरार हो गए। सूचना पर मीरापुर से गए मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाया। मीरापुर के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी अजमल की पुत्री शमा की शादी करीब दो वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज से रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव फुलत निवासी अनस पुत्र यासीन के साथ हुई थी। शमा के भाई शाहवेज ने बताया कि शादी के बाद से ही शमा के ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे तथा आए दिन शमा को प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि एक माह पूर्व शमा का पति अनस व अन्य ससुराल वालों ने उसकी पिटाई की थी तथा उसे पांच लाख रुपये लाने के लिए मायके छोड़ गए थे। शाहवेज ने बताया कि दस दिन पूर्व शमा को एक लाख रुपये देकर उन्होंने ससुराल भेज दिया था, किन्तु आरोप है कि उसका पति अनस, नन्द सना व सानिया, जेठ मुस्तकीम व जेठानी सीमा इससे संतुष्ट नहीं हुए। शनिवार की सुबह शमा की संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल में मौत हो गयी। मृतका शमा के भाई ने बताया कि उसकी बहन के ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी और उसके शव को ससुराल में ही छोड़कर फरार हो गए। किसी पड़ोसी ने इसे फोन पर उसकी बहन की हत्या की सूचना दी। सूचना पर मीरापुर से दर्जनों लोग फुलत पहुँच गए तथा शमा के ससुराल पक्ष के लोगों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया। मृतका के भाई ने पति अनस, जेठ मुस्तकीम व जेठानी और दो ननद के विरुद्ध हत्या की तहरीर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं शमा की मौत की सूचना से उसके मायके में परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## मुजफ्फरनगर में दो नाबालिग चचेरी बहनों से गैंगरेप, तमंचे की नोक पर दिया वारदात को अंजाम

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (एजेंसी)।** मुजफ्फरनगर में दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ गांव के ही दो युवकों ने गैंगरेप किया। आरोपियों ने दोनों बहनों को धमका कर बुलाया और गांव से बाहर एक सूअर फार्म में ले जाकर तमंचे की नोंक पर दोनों किशोरियों के साथ बारी-बारी से रेप किया। रेप करने के बाद आरोपी दोनों किशोरियों को जंगल में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस को देर रात दोनों किशोरियां बदहवास हाल में रोड पर घूमती दिखीं, तो पुलिस उन्हें थाने ले आई। किशोरियों के परिजनों की ओर से आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई हैं। दोनों लड़कियों का मेडिकल कराया गया है। जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की दो नाबालिग चचेरी बहनें (दोनों 15 वर्ष) गांव के प्रदीप उर्फ बाबू (20) और गौरव (21) से पूर्व से परिचित हैं। एक किशोरी ने बताया- 24 जुलाई की रात करीब 10:30 बजे एक आरोपी ने फोन करके धमकी दी कि मिलने आओ नहीं तो तुम्हारे माता-पिता को जान से मार देंगे। लड़कियां मिलने पहुंची तो आरोपी उन्हें गांव के बाहर जंगल में स्थित एक सूअर फार्म में ले गए। जहां तमंचा सटाकर कहा- चुपचाप लेट जाओ, वरना गोली चला देंगे। इसके बाद दोनों ने तमंचे की नोंक पर किशोरियों के साथ गैंगरेप किया।



# राखी गोयल के सिर पर सजा तीज क्वीन का ताज

**- ऐश्वर्या जैन रनर अप, बरखा जैन तीसरे स्थान रही - शिवांगी गोयल ने पहनाया विजेता को ताज**
**- हरियाली तीज की पूर्व संध्या पर शाहपुर में महिलाओं द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित**





**शाहपुर, 26 जुलाई (बु.)।** नगर में लगातार तीसरे साल पहले से अधिक बेहतर और बड़ी संख्या में बड़े हर्षोल्लास के साथ तीज उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य प्रबंधक शिवांगी गोयल ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी। उनका कहना है कि तीज का त्यौहार माता पार्वती के अपने पति भगवान शिव के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। तीज का व्रत न केवल एक मजबूत वैवाहिक के लिए रखा जाता है अपितु यह बच्चों की खुशी और स्वास्थ्य पर भी केन्द्रित है। शाहपुर जैसे छोटे से कस्बे में इस तरह का कार्यक्रम करना एवं करने की सोचना एक मुश्किल काम था, लेकिन आप सभी के सहयोग, प्रेरणा एवं समर्थन से ही यह सभव हो पाया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ पूर्व सभासद बहन उमा गर्ग एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंघल की धर्मपत्नी सविता सिंघल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कविता मित्तल और राधा मित्तल ने दोनों मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर व गीता गोयल ने भेट प्रदान करके उनका सम्मान किया। इसके बाद बुजुर्ग महिलाओं ने कार्यकर्ता शिवांगी गोयल, कविता मित्तल, राधा मित्तल, स्नेहा मित्तल, प्रेरणा गोयल तथा मनिका मित्तल को बैज लगाकर कार्यक्रम को करने का आशीर्वाद दिया। इस तीज उत्सव में अनेकों प्रतियोगिताएं रखी गई, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर अधिक संख्या में हिस्सा लिया। ऐश्वर्या, मीनू, अंजती त्यागी, प्रिया गोयल, दीया गोयल, पूजा गर्ग, अंजू गर्ग व अक्षरा गोयल, रीतू, प्रिया वर्मा व स्नेहा मित्तल, बरखा जैन, अनुष्का, शेफाली, रीया और अनामिका तथा निधि ने बहुत सुन्दर नृत्य प्रस्तुत कर आयोजन को सुंदर एवं आकर्षक बना दिया। उसके बाद रैंप वाक प्रतियोगिता में ऐश्वर्या, अंजती त्यागी, प्रिया वर्मा, शिल्पी जैन, गोयल और पूजा गर्ग ने अपना अभिनय दिखाया। अंत में तीज क्वीन प्रतियोगिता रखी गई, जो कि बहुत ही निष्पक्ष रूप से चयनित की गई, जिसमें प्रथम स्थान पर राखी गोयल, द्वितीय स्थान पर ऐश्वर्या जैन तथा तृतीय स्थान पर बरखा जैन रही। सभी लोगों ने तीनों चयनित क्वीन को बधाई दी। कविता मित्तल, राधा, मित्तल, गीता गोयल ने भेंट देकर, स्नेहा मित्तल, प्रेरणा गोयल, मणिका मित्तल ने पटका पहनाकर तथा अंत में शिवांगी गोयल ने तीज क्वीन राखी गोयल को ताज पहनाकर सम्मानित किया और विजयी होने पर बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य प्रबंधक शिवांगी गोयल ने कहा कि जो लोग उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे, उनका जिक्र ना किया जाए, तो यह भी न्याय संगत नहीं होगा, क्योंकि आज की शाम को खूबसूरत बनाने में कविता मित्तल, राधा मित्तल, गीता गोयल, स्नेहा मित्तल, प्रेरणा गोयल एवं मणिका मित्तल का विशेष योगदान रहा। शिवांगी गोयल ने इन सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया।



# मीरापुर में बिजनौर की तरफ जाने वाले वाहन रोकने से 14 घण्टे से दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग जाम रहा

**- जाम लगने से मीरापुर में दिन निकलते ही हाहाकार मचा - शनिवार की सुबह जन जीवन अस्त व्यस्त हुआ**

**मीरापुर, 26 जुलाई (बु.)।** मुरादाबाद क्षेत्र में चल रही कांवड़ यात्रा के चलते मीरापुर में बिजनौर की ओर जाने वाले वाहनों को रोके जाने से दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पूरी तरह जाम हो गया। शुक्रवार की शाम से शनिवार की सुबह तक करीब 14 घण्टे लगे रहे जाम से जन जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। दिन निकलते ही जाम ने भयंकर रूप धारण कर लिया तथा राजमार्ग पर करीब 6 किमी तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मुरादाबाद क्षेत्र में चल रही कांवड़ यात्रा के चलते बिजनौर पुलिस ने मीरापुर की तरफ से आने वाले भारी वाहनों के बिजनौर में प्रवेश पर रोक लगा दी, जिसके चलते उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार की सुबह से मीरापुर में यातायात पुलिस ने बिजनौर की तरफ जाने वाले वाहनों को मोंटी तिराहे पर रोक दिया, जिसके चलते वाहनों के सड़क के दोनों ओर खड़े होने से शुक्रवार की शाम तक वाहनों की लंबी कतारें लग गयी तथा धीरे-धीरे वाहनों की कतारें बढ़ती चली गई जो कि रात में जाम में बदल गई। शुक्रवार की शाम से शनिवार की सुबह तक मीरापुर में भयंकर जाम लग गया तथा करीब 14 घण्टे तक राजमार्ग पर भयंकर जाम लगा रहा। इस दौरान करीब 6 किमी तक वाहनों की कतार लग गई। जाम के चलते राजमार्ग पूरी तरह ब्लॉक हो गया। दुपहिया वाहन भी बामुश्किल निकल पा रहे थे। सुबह-सुबह जाम के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। कई स्कूली वाहन जाम में फंस गए। स्कूल के बच्चे व शिक्षक पैदल चलकर बामुश्किल स्कूल पहुँचे। भारी संख्या में दूर-दराज से स्कूल आने वाले बच्चे जाम के चलते रास्ते से ही वापस घर लौट गए। मीरापुर में थाने के चौराहे पर दुपहिया वाहन तक के निकलने की जगह नहीं बची। वहीं प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के वाहनों को रुकवाने से वाहन चालकों में भारी रोष दिखाई पड़ा। ट्रकों में कच्चा माल भरा होने पर ट्रक चालकों ने मोंटी तिराहे पर यातायात पुलिस से विरोध जताया। सुबह करीब 9 बजे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया।

## कई स्कूली वाहन घण्टों फंसे रहे जाम में

**मीरापुर, 26 जुलाई (बु.)।** दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर वाहनों की कतारों के चलते लगे जाम में शनिवार की सुबह कई स्कूली वाहन काफी देर तक फंसे रहे। जाम में फंसे स्कूली वाहनों में सवार बच्चे भी गर्मी से बिलबिला उठे। वहीं कई स्कूलों के शिक्षक स्टाफ व बच्चे कई किलोमीटर पैदल चलकर अपने स्कूल पहुँचे।

## मीरापुर में वाहनों को रोकने का निर्णय हो रहा गलत साबित

**मीरापुर, 26 जुलाई (बु.)।** मुरादाबाद क्षेत्र में चल रही कांवड़ यात्रा के चलते बिजनौर पुलिस द्वारा मीरापुर की तरफ से आने वाले वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाए जाने के चलते अधिकारियों ने मीरापुर में ही बिजनौर की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को रुकवा दिया, जिस कारण यहाँ भयंकर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस प्रशासन को इन वाहनों को मोंटी तिराहे से आगे बिजनौर रोड पर रुकवाना चाहिए। वहाँ से बीआईटी पुलिस चौकी तक मार्ग की चौड़ाई भी अधिक है और फिर मुजफ्फरनगर की तरफ जाने वाले वाहन भी जाम से प्रभावित नहीं होंगे।



## वाहन चालकों ने किया हंगामा

**मीरापुर, 26 जुलाई (बु.)।** मीरापुर में बिजनौर की तरफ जाने वाले वाहनों को रोके जाने से नाराज वाहन चालकों ने मोंटी तिराहे पर हंगामा कर नाराजगी जताई। ट्रक चालक, ज्ञान सिंह, निर्मल सिंह, रिजवान, सरफराज आदि ने बताया कि वह शुक्रवार की सुबह से यहाँ खड़े हैं। पुलिस उन्हें बिजनौर की तरफ नहीं जाने दे रही है। प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के वाहनों को यहाँ रोक दिया, जिससे उनका भारी नुकसान हो रहा है।

## युवती ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, मौत

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला आंनदपुरी में एक युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर युवती का अंतिम संस्कार कर दिया। शुक्रवार रात आनंदपुरी मोहल्ले की एक युवती ने गृह क्लेश में आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिवार के लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने पुलिस को सूचना नही और गुपचुप तरीके से युवती के शव का अंतिम संस्कार शुकतीर्थ में कर दिया।




# हरियाली तीज पर सांस्कृतिक रंगों से सजा एक पारंपरिक आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बुस.)।** शनिवार को हरियाली तीज के पावन अवसर पर चिल्ड्रन एकेडेमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पारंपरिक उत्साह और सांस्कृतिक समृद्धि के साथ एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पर्व विशेष रूप से सौभाग्य, प्रेम और प्रकृति की हरियाली के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है, जिसे महिलाओं और बालिकाओं के जीवन में विशेष स्थान प्राप्त है। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण और गणेश वंदना से की गई, जिसके पश्चात प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, "हरियाली तीज नारी शक्ति, प्रकृति और संस्कृति का उत्सव है। यह पर्व हमारी परंपराओं से जुड़ने और उन्हें जीवंत बनाए रखने का एक सुंदर माध्यम है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियाँ, लोकगीत, कविता पाठ, और राजस्थानी घूमर जैसे कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम स्थल को झूलों, बंदनवारों, और फूलों की सजावट से हरियाली का सजीव रूप दिया गया। उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने बालिकाओं से कहा, "हमारी संस्कृति की जड़ें बहुत गहरी हैं। हरियाली तीज हमें नारी गरिमा और प्रकृति से जुड़ाव का संदेश देती है, जिसे हमें अगली पीढ़ियों तक पहुंचाना है। विद्यालय प्रांगण में पारंपरिक झूले भी लगाए गए, जिन पर छात्राओं ने उत्साहपूर्वक झूलते हुए तीज का आनंद लिया। साथ ही, छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता, लोक वेशभूषा प्रतियोगिता और हरियाली पोस्टर मेकिंग में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से "हरियाली तीज की शुभकामनाएँ!" का घोष किया और इस पर्व के माध्यम से जीवन में प्रेम, हरियाली और समरसता लाने का संकल्प लिया।

## घर में घुसकर 2 व्यक्तियों पर जबरदस्ती गाली-गलौच व मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**चरथावल, 26 जुलाई (बु.)।** एक महिला ने गांव के दो लोगों पर जबरदस्ती घर में घुसकर अपने व पुत्र के साथ गाली-गलौच करने व विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव निर्धना निवासी दरेशना ने दी तहरीर में बताया कि 25 जुलाई को उसने गली की खराब सड़क को बनवाने के लिए ग्राम प्रधान आलम को बुलवाया था। आरोप है कि उसी गली में रहने वाले सचिन व महाबीर ने प्रधान के साथ गाली-गलौच करते हुए अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए सड़क निर्माण का विरोध किया। महिला ने आरोप लगाया कि प्रधान के जाने के बाद दोनों आरोपियों ने उसके घर में घुसकर उसके व पुत्र विक्की के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। पीड़िता के शोर मचाने पर ग्रामीणों के आ जाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पीड़िता ने इस घटना की जानकारी देते हुए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज (फार्मेसी) के डी-फार्मा प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित



**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बुस.)।** बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, उत्तर प्रदेश द्वारा घोषित डी-फार्मा प्रथम व द्वितीय वार्षिक परीक्षा परिणामों में श्रीराम ग्रुप आफ कॉलेज (फार्मेसी) के छात्रों ने एक बार फिर कॉलेज की शैक्षणिक श्रेष्ठता को प्रमाणित किया है। इन परीक्षा परिणामों में डी-फार्मा प्रथम वर्ष से खुशबू ने प्रथम स्थान, विकास ने द्वितीय स्थान एवं अकदस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं डी-फार्मा द्वितीय वर्ष से आफरीन त्यागी ने प्रथम स्थान, वंश कुमार ने द्वितीय स्थान तथा शाह आलम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्राचार्या आकांक्षा निर्वाल ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह परिणाम केवल अंकों का नहीं, बल्कि छात्र-छात्राओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। यह सफलता हमारे शिक्षकों के कठोर परिश्रम, छात्र-छात्राओं के सतत प्रयास तथा अभिभावकों के सहयोग का सम्मिलित परिणाम है। कॉलेज सदैव से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और आधुनिक तकनीकी ज्ञान के समन्वय को प्राथमिकता देता आया है। हमारा लक्ष्य परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के साथ विद्यार्थियों को ऐसा संपूर्ण व्यक्तित्व देना है, जो उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सफल बना सके। साथ ही मैं सभी छात्र-छात्राओं से अपेक्षा करती हूँ कि वे इसी प्रकार लगन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहें और संस्थान का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित करते रहें। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज (फार्मेसी) के अध्यापकों ने रोहित मालिक, अमजद खान, सागर कुमार, वैभव कुमार, अमन सिंह, सौरभ, अमन शर्मा, छात्रों की उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एमजी पब्लिक स्कूल में नेत्र चिकित्सा शिविर स्थगित

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बुस.)।** एमजी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी की 27 जुलाई को निर्धारित परीक्षा के लिए एमजी पब्लिक स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के कारण इस दिन विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाला मासिक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर निरस्त कर दिया गया है। आगामी शिविर 24 अगस्त, 2025 को आयोजित किया जायेगा।

# एमजी पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बुस.)।** एमजी पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज पर्व पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं के लिए इंटर-हाउस मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने अत्यंत रचनात्मक और आकर्षक मेहंदी डिजाइनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एमजी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि शनिवार को विद्यालय में पारंपरिक पर्व हरियाली तीज बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और विद्यालय प्रांगण को उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही इंटर-हाउस मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों की जटिल मेहंदी रचनाएं कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने छात्राओं द्वारा लगाए गए मेहंदी डिजाइनों का अवलोकन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में तीज पर्व के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को भारतीय परंपराओं और त्योहारों से जुड़ने की प्रेरणा दी और बताया कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और आपसी मेल-जोल को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

# विद्युत आपूर्ति की बदहाल स्थिति पर फेडरेशन भवन में आयोजित हुई अहम बैठक



**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बुस.)।** फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के फेडरेशन भवन पर विद्युत आपूर्ति की दयनीय स्थिति को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर पवन अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक का संचालन फेडरेशन के सह सचिव आशीष गर्ग द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्ष नीलकमल पुरी ने चीफ इंजीनियर का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। बैठक में उपस्थित उद्यमियों ने चीफ इंजीनियर के समक्ष बिजली आपूर्ति से जुड़ी गंभीर समस्याएं रखते हुए बताया कि बार-बार की ट्रिपिंग और अनिश्चितकालीन शटडाउन के कारण उत्पादन कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी समस्याएं सुनने को तैयार नहीं हैं और न ही फोन उठाते हैं, जिससे स्थिति और भी विकट हो जाती है। आर्थिक मंदी के दौर में यह बिजली संकट उद्योगों के लिए दोहरी मार जैसा है। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए चीफ इंजीनियर श्री अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि विद्युत आपूर्ति की समीक्षा कर आवश्यक सुधार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण फीडर्स पर अत्यधिक लोड था, जिसे सामान्य करने का प्रयास किया गया है। साथ ही, उद्यमियों की दीर्घकालिक मांग— 132 केवीए विद्युत सबस्टेशन— को शासन स्तर पर स्वीकृति मिल गई है और जल्द ही मुजफ्फरनगर में इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। चीफ इंजीनियर ने एसडीओ को निर्देशित किया कि दिनांक 01 अगस्त 25 से प्रतिदिन प्रातः 5:00 बजे से 9:00 बजे तक विशेष शटडाउन रखकर एलटी लाइन के औद्योगिक फीडर से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। फेडरेशन अध्यक्ष नीलकमल पुरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में भी जब बिजली की स्थिति खराब हुई थी, तब उद्यमियों ने ऊर्जा मंत्री को फैक्ट्री की चाबियाँ सौंपकर प्रदर्शन किया था, जिसके बाद आपूर्ति सुचारू हुई थी। आईआईए के चेयरमैन अमित जैन ने बैठक में बताया कि विद्युत अधिनियम की धारा 64 के अनुसार उद्योगों में वीसीबी लगाना अनिवार्य नहीं है, अतः विभाग उद्यमियों को इसके लिए बाध्य नहीं कर सकता। बैठक में विद्युत विभाग की ओर से अधीक्षण अभियंता मनोज यादव, अधिशासी अभियंता अंकुर सिंह, एसडीओ दिनेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं फेडरेशन की ओर से उपाध्यक्ष अश्वनी मित्तल, राकेश जैन, सचिव अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष बंसल, पूर्व अध्यक्ष अंकित संगल, अंकुर गर्ग, अरविंद गुप्ता, पंकज जैन, रजनीश त्यागी, दीपक सिंघल, सोम प्रकाश कुछल, मनीष भाटिया, राहुल मित्तल एवं यतीश वत्स सहित कई उद्यमी उपस्थित रहे।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 98,600 | चांदी- | 114000 |
| सिक्का- | 1280 | गिन्नी- | 73450 |

## आरओ एआरओ परीक्षा केंद्र का सीओ सदर एवं थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण

**चरथावल, 26 जुलाई (बु.)।** समीक्षा व सहायक समीक्षा अधिकारी की कल 27 जुलाई को होने वाली परीक्षा के लिए शनिवार को कस्बे में बनाए गए एक मात्र परीक्षा केंद्र का सीओ सदर देवव्रत वाजपेई एवं थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों के साथ सीसीटीवी कैमरे देखे। समीक्षा व सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ, एआरओ) परीक्षा लोक सेवा आयोग द्वारा कराई जा रही है। इसे लेकर शनिवार को सीओ सदर देवव्रत वाजपेई एवं चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने निरीक्षण किया। उनके द्वारा सीसीटीवी कैमरों के साथ परीक्षा कक्षों व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रजापति से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कॉलिज प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रजापति ने बताया कि कॉलिज में 480 परीक्षार्थी भाग लेंगे। 20 कमरों में बच्चों के बैठने की व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा होगी, वहीं सीओ सदर देवव्रत वाजपेई ने बताया कि परीक्षा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया है। परीक्षा केंद्र व आसपास भारी फोर्स तैनात रहेगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:-808/E-Tender/P.W.D/NPP/2025-26 दिनांक:- 26/07/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/ किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 28 निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 18/08/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 28/07/2025 की प्रात:10:00 बजे से दिनांक 18/08/2025 की अपराह्न 03:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई- निविदाओं को दिनांक 18/08/2025 की अपराह्न 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य **15 वें वित्त आयोग** की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक अभियन्ता (निर्माण) नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर। | अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर। | अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर।




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



Transform your DREAMS into REALITY @
**Shri Ram Group of Colleges**
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals | Affiliations
UNIVERSITY GRANT COMMISSION A++ NAAC UGC
www.srgcmzn.com
src_mzn@rediffmail.com

**Shri Ram Group of Colleges (IC)**
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm

**Shri Ram College of Pharmacy**
BPharm | DPharm

**Shri Ram College of Law**
BALLB | BComLLB | LLB

**Shri Ram Polytechnic**
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

For Admission Scan QR code or Register on www.srgcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
**Shri Ram College**
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

For Admission Scan QR code or Register on www.srcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26

Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal
Scholarship more than ₹ 10 Crores Available

For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## देश की पहली एआई बेस्ड यूनिवर्सिटी

शिक्षा के मामले में उत्तर प्रदेश प्रगति के पथ पर है। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने कल देश की पहली एआई बेस्ड यूनिवर्सिटी का उद्घाटन किया। करीब 2500 करोड़ की लागत से 63 एकड़ में बनने वाली चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी नवाबगंज में लखनऊ-कानपुर हाईवे पर स्थित है। इस यूनिवर्सिटी के आरम्भ होने से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को गति मिलेगी और यह नयी ऊंचाईयों को तय करेगी। योगी सरकार दुनियाभर के बड़े शिक्षण संस्थान को यूपी में निवेश करने के लिए तैयार कर रही है। इसका प्रमाण यह चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी है। यह विश्वविद्यालय भारत की टॉप रैंकिंग में शुमार है, जो जीता-जागता प्रमाण है। अखिलेश यादव प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था से खुश नहीं हैं। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा बुनियादी और प्राइमरी शिक्षा को बर्बाद कर रही है। गरीबों को शिक्षा से दूर कर षड्यंत्र कर रही है। भाजपा सरकार स्कूलों को बंद कर संविधान को कमजोर कर रही है। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि संविधान के तहत ही शिक्षा का अधिकार का कानून है। भाजपा स्कूलों को बंद कर संविधान और कानून से मिले शिक्षा के अधिकार को छीन रही है, जब स्कूल और शैक्षिक संस्थान बंद हो जाएंगे, तो गरीब और पीडीए परिवार के बच्चे कहां पढ़ने जाएंगे अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसी की सुनवाई नहीं है। खुद भाजपा के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। देश की पहली एआई बेस्ड यूनिवर्सिटी के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में कहा कि उन्नाव की धरती ऐतिहासिक है। आजादी की लड़ाई में यहां की धरती का ऐतिहासिक योगदान रहा है। सीएम योगी ने कहा, इस यूनिवर्सिटी में युवाओं की एक नयी फौज खड़ी करना है। उन्नाव जनपद में लगातार यूनिवर्सिटी की मांग हो रही थी। सीएम योगी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नए भारत के सपने को साकार करने के नए जज्बे के साथ उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। कोई व्यक्ति कोई सोसाइटी, काल के चक्र की गति से तेज हमने अपनी गति को किया तो यह प्रगति के द्वार खोलता है और हम हर क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे। उन्होंने कहा कि एआई की नयी भूमिका का केंद्र यह यूनिवर्सिटी बनने जा रही है। आधुनिकता के साथ संस्कारवान शिक्षा जरूरी है, इसलिए संस्कारवान युवा देश की प्रगति का आधार होगा। मुख्यमन्त्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उन कमिश्नरियों में भी विश्वविद्यालय स्थापित किए हैं, जहां पहले कोई विश्वविद्यालय नहीं था। अब तक 6 नए राज्य विश्वविद्यालय खोले गए हैं। साथ ही, उत्तर प्रदेश को देश का पहला आयुष विश्वविद्यालय भी मिला है। प्रदेश की पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी भी खुल चुकी है, जबकि पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेरठ में निर्माणाधीन है और कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कारवान शिक्षा ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने कहा कि छात्रों को जीवन में अनुशासन, गुरुजनों के मार्गदर्शन और समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां जीवन में अनुशासन टूटता है, वहां दुशासन प्रवेश करता है और दुशासन महाभारत का कारण बनता है। महाभारत का मतलब विनाश तय है। एक संस्कारवान युवा ही समर्थ भारत का आधार बन सकता है। मुख्यमन्त्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले 8 वर्षों में सुरक्षित और कानून-सम्मत माहौल तैयार किया गया है, जो निवेश के लिए अनिवार्य है। हर निवेश विकास के नए द्वार खोलता है, बेहतर कनेक्टिविटी और रोजगार के अवसरों का निर्माण करता है। मुख्यमन्त्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब भारत में तीसरे स्थान पर स्टार्टअप हब के रूप में उभरा है, जहां 7,200 से अधिक स्टार्टअप्स सक्रिय हैं और 1 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। प्रदेश में अब 8 यूनिकॉर्न भी हैं। विशेष रूप से लखनऊ में एक एआई सिटी प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है, जिसके तहत 50,000 से अधिक रोजगार सृजन का लक्ष्य है। 400 से अधिक कंपनियों की इसमें भागीदारी होगी। आईबीएम द्वारा एआई केंद्र की स्थापना होगी। मुख्यमन्त्री ने कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का लखनऊ कैंपस इस एआई यूनिवर्सिटी से सर्वाधिक लाभान्वित होगा, जिससे छात्र वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होंगे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि यूपी में अब देश-विदेश के टॉप संस्थान निवेश कर रहे हैं। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का आगमन इसी का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत की टॉप 5 यूनिवर्सिटी में शामिल है। यहां पर सभी कोर्सेज एआई आधारित टेक्नोलॉजी की मदद से संचालित किए जाएंगे, जिससे छात्र भविष्य की वैश्विक आवश्यकताओं के अनुसार दक्ष बनेंगे। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का यह नया परिसर प्रदेश को राष्ट्रीय एजुकेशन हब की ओर ले जाने वाला निर्णायक कदम माना जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि यूपी में अब देश-विदेश के टॉप संस्थान निवेश कर रहे हैं। यहां पर सभी कोर्सेज एआई आधारित टेक्नोलॉजी की मदद से संचालित किए जाएंगे, जिससे छात्र भविष्य की वैश्विक आवश्यकताओं के अनुसार दक्ष बनेंगे। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में मेडिकल, इंजीनियरिंग, डेटा साइंस, आर्टिफिशल इंटेलीजेंस, साइबर सिक्योरिटी मैनेजमेंट और साइंस आदि विषय पढ़ाए जाएंगे और यूपी के छात्रों के साथ दुनियाभर के छात्रों को यहां पढ़ने का मौका मिलेगा। इस यूनिवर्सिटी के बन जाने से यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा और प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था भी सुधरेगी। इस नयी यूनिवर्सिटी में हर कोर्स को एआई आधारित टेक्नोलॉजी की मदद से पढ़ाया जाएगा। इससे स्टूडेंट न सिर्फ किताबी ज्ञान हासिल करेंगे, बल्कि भविष्य की टेक्नोलॉजी और वैश्विक मांगों के हिसाब से स्किल्स भी सीखेंगे। इतना ही नहीं हर स्टूडेंट को आसान, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, अब तक यूपी में करीब 20 प्राइवेट और 8 गवर्मेंट यूनिवर्सिटी बने हैं। सरकार ने इन सभी को निर्देश दिए हैं कि वे ऐसे कोर्स शुरू करें, जो रोजगार देने वाले हों और तकनीक पर आधारित हों, इसी दिशा में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का नया परिसर अहम कदम है। यहां की एआई-आधारित पढ़ाई स्टूडेंट में नई सोच और स्टार्टअप की भावना को बढ़ावा देगी, जिससे वे नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बन सकेंगे।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'सियासी' 'खूबियां' 'रोटी' 'कमाई'

अब सियासी नीतियों की खूबियां तो देखिए,
खाली बैठे ही कमाई हो रही है आजकल।
पेट में रोटी पड़ी है क्यों न हम हल्ला करें?
खाली बैठे ही कमाई हो रही है आजकल।

# भाजपा कार्यालय पर किया शहीदों के परिजनों को सम्मानित

## - पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा ने गिनाई शहीदों की वीर गाथा

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** भाजपा पार्टी कार्यालय पर शनिवार को कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन करते हुए पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर शहीदों के परिजनों के साथ पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य वक्ता कार्यक्रम में पूर्व पालिका चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा ने कारगिल विजय में देश की सेना के अदम्य साहस एवं वीरता के दम पर मिली जीत को भारत के लिए गौरव की बात बतायीा उन्होंने कारगिल युद्ध में भाजपा सरकार के नेतृत्व में सैनिकों द्वारा दिखाए विजय कौशल की सराहना की। शनिवार को देशभर के साथ जिला मुख्यालय पर कारगिल विजय दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शहीदों को नमन करते हुए उनके परिवारों को इस बीच सम्मानित किया गया। गांधी नगर भाजपा पार्टी कार्यालय पर कारगिल विजय दिवस को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया।

इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को पुष्प अर्पित करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में जिला पूर्व सैनिक अधिकारी, जिलेभर के शहीद परिवारों के सदस्यों एवं पूर्व सैनिकों की इस बीच गरिमामयी उपस्थिति में देश भक्ति से ओत-प्रोत उद्बोधन के साथ कारगिल शहीदों की वीर गाथाओं का बखान किया गया। इस दौरान कारगिल विजय दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा के बाद कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहीद प्रशांत शर्मा, बच्चन सिंह, विकास सिंघल, सतीश कुमार, अमरेश पाल आदि शहीदों के परिजनों के साथ पूर्व सैनिक अशोक कुमार, सूबेदार हीरा लाल कौशिक, नायब सूबेदार सतपाल त्यागी, नायब सूबेदार ब्रह्मानंद, नायब सूबेदार महीपाल, हवलदार चमन सिंह, हरबीर, शीशपाल शर्मा, सुशील फौजी, शिवकुमार आदि के साथ शहीद परिवारों के सदस्यों को भी पार्टी पदाधिकारियों ने शॉल एवं माल्यार्पण करते हुए सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, बिजेन्द्र पाल, पुरुषोत्तम, समेत विभिन्न गन्ना समितियों के अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, मंडल अध्यक्ष एवं पालिका सभासद मौजूद रहे।







## जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में विशेष अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बुस.)।** जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में आज विशेष अलंकरण समारोह का बड़ी धूमधाम और गरिमा के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राहुल शर्मा एवं वजीह कहकशा के द्वारा उच्च-स्तरीय प्रतिभा के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सचिन गोयल व प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा ने मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह (अपर जिलाधिकारी ,वित्त एवं राजस्व) का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट करके किया। इस समारोह के अंतिम चरण तक पहुँचने के लिए छात्र संघ के छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावहारिक परीक्षाओं से होकर गुजरना पड़ा। अलंकरण समारोह




उस निर्भरता और विश्वास का प्रतीक है, जो स्कूल, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को देता है। इस अवसर पर चयनित छात्रों ने जवाबदेही का चोला ओढ़कर अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं से अपने कर्त्तव्यों को निभाने की प्रतिज्ञा ग्रहण की। निर्वाचित छात्रों के प्रोफाइल दर्शकों के सामने पढ़े गए। इसके पश्चात उन्हें मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह के द्वारा बैज व सैश पहनाकर सम्मानित किया। छात्र परिषद ने नेतृत्व को उच्च सम्मान में रखने की शपथ ली। प्रबंधक समिति ने उन्हें बधाई दी और उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में निष्पक्ष और ईमानदार रहने की सलाह दी तथा अपने निर्धारित नैतिक मूल्यों को कायम रखने का भी आह्वान किया। उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि पद के साथ स्वयं के प्रति, अपने स्कूल और साथियों के प्रति भी जिम्मेदारी आती है। संघर्ष प्रत्येक मनुष्य को ऊँचाई हासिल करने में मदद करता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की उप प्रधानाचार्या अंजलि आनंद ने गजेंद्र सिंह (अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व) का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के साक्षी बनने पर धन्यवाद दिया। साथ ही छात्रों के उत्साह एवं परिश्रम की भी सराहना की और बधाई दी। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## प्रधान व सचिव के प्रयास से गांव में तालाब खुदाई का कार्य हुआ शुरू

चरथावल, 26 जुलाई (बु.)। क्षेत्र के ग्राम दधेडू कला में निकासी की समस्या के समाधान हेतु अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम विकास अधिकारी आलोक कुमार एवं ग्राम प्रधान शहजाद ने तालाब की खुदाई जेसीबी की मदद से शुरू करा दी है, ताकि जलभराव की समस्या को समाप्त कराया जा सके। चरथावल विकासखंड के ग्राम दधेडू कला में पानी की निकासी की समस्या का समाधान न होने पर ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। एक दिन पूर्व भी अधिकारियों ने समस्या के समाधान हेतु मौके का मुआयना कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए थे। खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार के निर्देश पर ग्राम विकास अधिकारी आलोक कुमार एवं ग्राम प्रधान शहजाद के द्वारा गांव में पानी की निकासी की समस्या के समाधान हेतु एवं जलभराव की समस्या से समाधान हेतु गांव में तालाब पर खुदाई शुरू करा दी। ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि जेसीबी की मदद से तालाब की खुदाई एवं साफ सफाई शुरू करा दी है, ताकि ग्रामीणों को समस्या से निजात मिल सके।

# संयुक्त वैश्य मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## - ऊर्जा मंत्री की अशोभनीय टिप्पणी को लेकर बढ़ा आक्रोश

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री द्वारा वैश्य समाज के प्रति बीते दिवस बैठक में की अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में प्रदेश भर में विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को संयुक्त वैश्य मोर्चा मुजफ्फरनगर इकाई ने उक्त टिप्पणी का विरोध दर्ज कराते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। संयुक्त वैश्य मोर्चा ने प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में ऊर्जा मंत्री के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। शनिवार में संयुक्त वैश्य मोर्चा के बैनर तले दर्जनों समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में ऊर्जा मंत्री द्वारा बैठक में की गई अशोभनीय टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि सदैव वैश्य समाज हमेशा भाईचारे व आपसी सौहार्द्र पर विश्वास रखता है और सबसे ज्यादा धार्मिक कार्य दान, धर्म के कार्य वैश्य समाज द्वारा किए जाते हैं। सरकार को चलाने में सहायक घटक सबसे ज्यादा टैक्स भी वैश्य समाज देता है। ऐसे में वैश्य समाज को इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करके किसी के द्वारा अपमानित करना कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वैश्य समाज ने चेताया कि यदि ऊर्जा मंत्री द्वारा 7 दिन के अंदर अपने बोले शब्दों पर खेद व्यक्त नहीं किया जाता तो वैश्य समाज बड़ा आंदोलन करेगा जिसके जिम्मेदार व्यक्तिगत रूप से ऊर्जा मंत्री होंगे। इस दौरान मुख्य रूप से संयुक्त वैश्य मोर्चा अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल, संस्थापक व संयोजक शलभ गुप्ता एड, सुनील तायल, कांति राठी, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, रोहिताश कर्णवाल एड, मयंक बंसल, सुरेंद्र अग्रवाल, पवन सिंघल, श्रवण अग्रवाल, जनार्दन स्वरूप गर्ग, सचिन अग्रवाल, मनोज खंडेलवाल, दीपक मित्तल, अमित गुप्ता एड, हिमांशु गोयल, विपिन गुप्ता, आरके गोयल, तरुण मित्तल, शिवकुमार, आकाश अग्रवाल, विनय, कपिल एड, पंकज राजवंशी, सौरभ मित्तल, मनोज गुप्ता, शोभित गुप्ता आदि मौजूद रहे।



आवश्यकता है
मेटल इंडस्ट्रीज को
सीनियर एकाउंटेंट एंड जूनियर एकाउंटेंट
MALE & FEMALE की
जिसको किसी भी बड़ी कंपनी में 5-10 साल कार्य करने का अनुभव हो
7417597000
9690243000

WE'RE HIRING
call center
Data entry
Call Center And Data Entry Executive.
Candidate Should Be Knowlege Of Ms Office. Interested Candidates Can Whatsapp Your CV On This Number
Contact No: 9520866571








# कारगिल विजय दिवस पर किया वीर नारियों व पूर्व सैनिकों को सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** शनिवार को देशभर के साथ मुख्यालय पर कारगिल विजय दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए देश की रक्षा की खातिर अपने प्राणों की आहुति देते हुए सम्मान बढ़ाया। शनिवार को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी समेत अन्य भूतपूर्व सैनिक व सैनिक अश्रितों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान जिले के शहीद स्मारक पर तमाम शहीदों को भावभीनी श्रृद्धांजलि एवं माल्यार्पण करते हुए शहीदों को याद किया। इस अवसर पर नुमाईश ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में 88 यूपी एनसीसी बटालियन के नौजवान कैडिट्स ने भी शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मुजफ्फरनगर जनपद के कुल 05 कारगिल शहीद परिवार वर्तमान में निवास करते हैं। कारगिल शहीद दिवस पर इन सभी शहीद सैनिकों के परिवारजनों को सोल्जर बोर्ड स्थित कार्यालय परिसर में विशेष रूप से आमंत्रित करते हुए सभी वीर नारियों को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।




आज मुजफ्फरनगर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में एक भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन किया। यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अशोक कंसल, जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र पाल, जिले के मंत्री सुधीर खटीक, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कार्तिक काकरान, कार्यक्रम के संयोजक एवं युवा मोर्चा के जिला मंत्री कृत्यांश खटीक, भारतीय जनता पार्टी के चारों मंडल अध्यक्ष दीपक मित्तल, प्रेमी छाबड़ा, नंदकिशोर पाल, अमित वत्स, सुनील तायल एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिनेश पाल धनगर, निकुंज सिंगल, प्रशांत गौतम और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इन्द्र धनुष हरियाली मनोहारी तीज महोत्सव का भव्य आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** भारत विकास परिषद मैन शाखा के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि हरियाली तीज जैसे त्यौहार महिलाओं को बहुत ही अधिक उत्साह के साथ सामूहिक रूप से मनाने चाहिएं। यह त्यौहार भारतीय संस्कृति से जुड़े हैं, इससे बच्चों को भी अपनी संस्कृति व त्यौहार परंपराओं के बारे में पता चलेगा। श्रावण मास में हरियाली तीज त्यौहार भगवान शिव व माता पार्वती के पुनर्मिलन शिव रात्रि पर्व के साथ मनाया जाता है। भारत विकास परिषद मैन के दो सत्र में संपन्न कार्यक्रम में प्रथम सत्र में शाखा की महिला सदस्यों का तीज कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें सावन के गीत, लोक नृत्य, लोकगीत व ढोलक प्रतियोगिता कराई गई। साथ ही तीज क्वीन व तीज महारानी का चयन किया गया।

प्रथम सत्र में सभी ने चटपटी चाट और गोलगप्पे का आनंद लिया। द्वितीय सत्र में कपल गेम, बच्चों की शानदार प्रस्तुति के साथ वंदना शर्मा द्वारा गानों पर आधारित कुछ प्रश्नोत्तरी करवाई गई। निर्णायक मंडल में सुनीता शाह, वंदना शर्मा द्वारा तीज क्वीन रंजना कुशवाहा को चुना गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष संजय मिश्रा, हर्षवर्धन जैन, अशोक सिंघल, ओडी शर्मा, डॉ. दीपक गर्ग, नवनीत गुप्ता, नीरज सिंघल, मनीष गर्ग, विनित गुप्ता, ब्रिजेश आत्रेय, ब्रजमोहन, प्रीतवर्धन शर्मा, केपी राठी, आशुतोष अग्रवाल, राहुल कुशवाहा, मनोज गुप्ता, सुखवीर सिंह, मनोज गौड़, आरके सैनी, पुरूषोत्तम सिंघल, राजकुमार गुप्ता, अरुण मित्तल, विरेन्द्र कुमार, शिवम गर्ग, ब्रजभूषण गुप्ता, प्रमोद कुमार सपरिवार उपस्थित रहे।



## डीएस पब्लिक में हरियाली तीज पर मेहंदी प्रतियोगिता एवं ग्रीन कलर डे का भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** डीएस पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज के अवसर पर ग्रीन कलर डे एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। एक्टिविटी में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। तीज उत्सव पर किड्स सेक्शन में नर्सरी क्लास के बच्चों के लिए ग्रीन कलर डे का आयोजन किया, जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चे हरे रंग की वेशभूषा में सजकर आए। बच्चों ने प्रकृति में उपस्थित हरे रंग के फल, फूल व सब्जियों का रूप धारण करके सभी को हरियाली से प्रेम करने का संदेश दिया। शिमला मिर्च बनकर आई अवनी, सानवी ,हिदायत, त्रिशान, तरबूज बनकर दिव्यांशी, लौकी बनकर रेयांश, हरे अंगूर बनकर तन्मय व अनिरुद्ध, मेंढक बनकर कृशाक सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने बच्चों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रकृति में हरे रंग का बहुत महत्व है। हरा रंग खुशहाली एवं समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए प्रकृति से प्रेम करने एवं प्रकृति संरक्षण करने का संदेश दिया। विद्यालय में आज सीनियर ग्रुप में कक्षा 9 से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए हाथों पर सुंदर डिजाइन उकेरे। कक्षा 9 से तनिष्का, मान्या, तस्किया, अंजलि एवं प्रिंसी तथा कक्षा 10 से तनस्वी, अवनी, मानसी एवं बशारत, कक्षा 11 से वैष्णवी, रितिका, उमरा एवं निदा तथा कक्षा 12 से दिव्या शर्मा, अदिति, अदीबा, दिव्या, वंशिका तथा नइमा द्वारा बनाए मेहंदी डिजाइन सभी ने सराहे गए। एक्टिविटी को सफल बनाने में सीनियर ग्रुप में एक्टिविटी इंचार्ज सुविधा शर्मा एवं जूनियर ग्रुप में एक्टिविटी इंचार्ज अनुश्री सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव, छात्रों ने हासिल की सफलता

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में हाल ही में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 42 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कॉलेज प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कैपजेमिनी, नोएडा में चयन प्रक्रिया के पहले चरण में कॉलेज के 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिन्हें अब दूसरे राउंड में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही सिल्वरलिंक आईटी सॉल्यूशंस में भी कॉलेज के 8 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। चयनित छात्रों व उनके




अभिभावकों ने कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकों व प्लेसमेंट सेल को इस उपलब्धि का श्रेय देते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि कॉलेज का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक अवसर प्रदान करना है। कॉलेज के प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर मिल सकें। विशेष रूप से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों के लिए आने वाले दिनों में कई प्रमुख आईटी कंपनियों को भी कैंपस में आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है, जिससे छात्रों को राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में करियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो सके। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हमारे विद्यार्थी लगातार मेहनत और लगन से अपनी क्षमताओं को साबित कर रहे हैं। प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन यह दर्शाता है कि एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही विद्यार्थियों के करियर निर्माण पर भी विशेष ध्यान देता है। हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले समय में और अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों को कैंपस में आमंत्रित किया जाए, ताकि छात्रों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम करने के अवसर प्राप्त हों। मैं चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

# थाना समाधान दिवस में दो शिकायत आई

**जानसठ, 26 जुलाई (बु.)।** थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जमीन से संबंधित मात्र दो शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर आए, जिनमें से मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ। शनिवार को थाना परिसर में थाना समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा और नायब तहसीलदार अजय कुमार ने संयुक्त रूप से की। थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराना है। राजीव शर्मा ने बताया कि थाना समाधान दिवस में दो शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर आए, जिनमें से मौके पर कोई निस्तारण नहीं हुआ। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की यदि किसी भी क्षेत्रवासी को कोई समस्या होती है, तो वह अपनी समस्या लेकर थाना समाधान दिवस में आ सकता है। शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस दौरान कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा व पुलिस और तहसील स्टाफ मौजूद रहा।

THE S.D. DEGREE COLLEGE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Jansath Road, Nirana, Muzaffarnagar (U.P.)
Invite Applications for the
APPOINTMENT OF PRINCIPAL & FACULTIES for
B.A. Hindi, English, History, Political Science, Drawing, Education & Sociology
B.Com. Commrce
B.Sc. Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany
Eligibility & Salary:- As Per University Norms
Interested candidates may send their resume to thesddgree@gmail.com

नि:शुल्क सर्जिकल शिविर
आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 जुलाई 2025, दिन सोमवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।
इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
इस कैंप में
- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा सम्बंधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज
नि:शुल्क पी.एस.ए.
ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री
स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर
फ्री परामर्श का समय
28 जुलाई 2025, सोमवार प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779
रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

# सीवरेज लीकेज ठीक करने में दूसरे दिन भी जुटी रही पालिका टीम

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** शहर के व्यस्ततम मीनाक्षी चौक के पास बीते दिवस सीवर लाइन के लीकेज से सड़क का एक हिस्सा धंस जाने के मामले में बीते दो दिनों से जारी प्रयास शनिवार में भी कामयाब

**गाजियाबाद से मंगाया सीवर पाईप, देर रात्रि तक आने की उम्मीद**

होने से रह गए। सड़क में एकाएक बड़ा गड्ढा बन जाने की शिकायत पर पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने त्वरित संज्ञान लेते हुए अफसरों को पूरी टीम के साथ मौके पर भेजकर राहत कार्य शुरू कराया। हालांकि तमाम प्रयासों के बीच शनिवार को उक्त कार्य पाईप की उपलब्धता न होने के





चलते पूर्ण नहीं हो सका। वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप सभासदों व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क को बंद कराकर जल्द से जल्द गड्ढा बंद कराने के प्रयास शुरू कराये। शहर के मीनाक्षी चौक के पास सड़क किनारे सीवर लाइन के लीकेज के कारण मिट्टी कटान के होने से सड़क धंस गई और एक बड़ा गड्ढा बन गया था, जिससे आवागमन प्रभावित रहा। सभासद नौशाद पहलवान की दर्ज शिकायत पर लीकेज बंद कराने और गड्ढे को भरवाने की कार्रवाई शुरू करवा दी गई। इसी बीच समस्या पाईप को लेकर आ गई, जिसकी तलाश करने पर यहां उपलब्धता न होने के चलते गाजियाबाद से मंगाया गया, जिसके शनिवार देर रात्रि तक आने के बाद समस्या का निदान होने की अधिकारी बात कह रहे हैं। जेई धर्मवीर सिंह ने बताया कि रात्रि में पाईप के आने पर लीकेज को ठीक कराया जाएगा।



हरियाली तीज के पर्व से पहले श्रृंगार का सामान खरीदने के साथ-साथ अपने हाथों पर सुंदर मेहंदी लगवाती महिलाएं।

## रुद्रप्रयाग में बादल फटा, पहाड़ के मलबे में दब गए घर

**रुद्रप्रयाग, 26 जुलाई (एजेंसी)।** उत्तराखंड में बारिश ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर रखा है। रूद्रप्रयाग के अलग-अलग इलाकों में भारी तबाही मचाई है। कहीं बादल फटा है, तो कहीं भूस्खलन। कुदरत के इस कहर में कई घर और गाड़ियां जमींदोज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेस्क्यू टीम भी समय पर नहीं पहुंची। रुद्रप्रयाग के रूमशी गांव में बादल फट गया, जिससे गांव में बाढ़ जैसी स्थित आ गई। भारी बारिश और पहाड़े के दरकने से गांव वालों का घर मलबे में दब गया। लोगों ने घरों से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। मलबे में घर और गाड़ियों के दबने से स्थानीय लोगों को लाखों का नुकसान हुआ है।

## अनिल अंबानी के घर ईडी का छापा, 50 कंपनियों की कर रहे जांच

**मुंबई, 26 जुलाई (एजेंसी)।** देश की सबसे चर्चित जांच एजेंसी ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने दिग्गज कारोबारी अनिल अम्बानी के ठिकानों पर छापेमारी की है। हालांकि इस रेड कार्रवाई को लेकर अधिकारियों की ओर से कुछ नहीं कहा गया है। यह पूरी कार्रवाई पीएमएलए के तहत की जा रही है। बताया जा रहा है कि अनिल अम्बानी के कंपनियों और कारोबार से जुड़े दो दर्जन से ज्यादा लोग जाँच एजेंसी ईडी की रडार पर है और उनपर कभी भी कार्रवाई हो सकती है। जानकारी के मुताबिक 50 कंपनियों, 35 ठिकानों और 25 लोगों पर छापे मारे जा रहे है। ये मामला 3000 करोड़ के बैंक लोन से जुड़ा है जिसे अवैध तरीके से डायवर्ट किया गया।

## अनिरुद्धाचार्य के लड़कियों वाले बयान पर बवाल, कथावाचक ने मांगी माफी

**नई दिल्ली, 26 जुलाई (एजेंसी)।** वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक और गौरी गोपाल आश्रम के संस्थापक अनिरुद्धाचार्य अक्सर सोशल



मीडिया पर किसी न किसी चीज को लेकर चर्चा में रहते हैं। हाल ही में वे अपने एक विवादित बयान के कारण चर्चा में आ गए हैं। 2025 में मथुरा में एक धार्मिक सभा के दौरान अनिरुद्धाचार्य ने लड़कियों की शादी की उम्र और उनके चरित्र को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद समाज के विभिन्न वर्गों और महिलाओं व सामाजिक संगठनों इसके खिलाफ रोष देखने को मिला। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें व्यापक आलोचना का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही महिला वकीलों ने उनपर कानूनी कार्रवाई की मांग भी की है। इसके जवाब में अनिरुद्धाचार्य ने सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है।

## सहारनपुर में चौथी मंजिल से कूद रही थी महिला नेता, बीजेपी विधायक के बरी होने का बताया कारण

**सहारनपुर, 26 जुलाई (एजेंसी)।** सहारनपुर से एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। सहारनपुर के गंगोह से बीजेपी विधायक कीरत सिंह को शनिवार को बड़ी राहत मिली। 13



साल की लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोप से गुर्जर जांच समिति ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। यह फैसला सहारनपुर में समिति के पदाधिकारियों ने शनिवार को पंचायत में लिया। फैसला सामने आते ही वहां मौजूद पूर्व भाजपा नेत्री कोमल चौधरी नाराज हो गईं। वह विधायक पर सेटिंग करने का आरोप लगाते हुए सीढ़ियों की तरफ भागीं और चौथी मंजिल की बालकनी से नीचे कूदने की कोशिश करने लगीं। लोगों ने उन्हें पकड़कर वापस खींच लिया। उन्हें किसी तरह समझा-बुझाकर बिल्डिंग से नीचे उतारा गया, लेकिन जैसे ही वो नीचे आईं, फूट-फूटकर रोने लगीं। रोते-रोते थोड़ी ही देर में बेहोश हो गईं। लोगों ने उन्हें संभाला और इलाज दिलाया। पूर्व भाजपा नेत्री कोमल चौधरी ने 20 जून को गंगोह विधायक कीरत सिंह पर परिवार का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। कहा था-उनके इशारे पर मुझ पर हमला हुआ। कई फर्जी मुकदमे कराए गए। उनके अनुसार भाजपा विधायक ने 13 साल की लड़की का शारीरिक शोषण किया है।

# हेल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आया मुजफ्फरनगर

### जन स्वास्थ्य में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला जनपद को सम्मान

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** यूपी में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से इस माह में जारी स्वास्थ्य डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद मुजफ्फरनगर ने पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए जन स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है। यूपी के 75 जिलों में से मुजफ्फरनगर का कंपोजिट स्कोर 0.72 रहा। प्रदेश में इस माह प्रथम स्थान हाथरस जनपद का है, जिसका कंपोजिट स्कोर 0.72 है लेकिन अल्फाबेट के हिसाब से हाथरस का नाम पहले आने के कारण यूपी में हाथरस जनपद को प्रथम स्थान पर रखा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने यूपी में जनपद को मिली इस बड़ी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जनपद के स्वास्थ्य विभाग की समर्पित टीम के साथ सभी स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं के साथ जनता के सहयोग का परिणाम है। पिछले माह जनपद की प्रथम रैंक आई थी। हम सभी को गर्व है कि हम प्रदेश स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में आज अग्रणी बनकर निरंतर उभरने के साथ आगे बढ़ रहे है। उन्होंने बताया कि जनपद में एचआईवी जांच वर्ग में शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की एचआईवी स्क्रीनिंग कर जनपद ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही पूर्ण टीकाकरण के लिए 100 प्रतिशत बच्चों को बीसीजी, पेंटावेलेंट और मीजल्स के टीके देकर जिले ने फिर एक बार प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्थागत प्रसव दर में लगातार सुधार देखा गया। उन्होंने बताया कि हेल्थ रैंकिंग के लिए पुरकाजी, मुजफ्फरनगर सदर के साथ ही जानसठ ब्लॉक को सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में स्थान मिला है। हालांकि कुछ ब्लॉकों जैसे खतौली, बघरा एवं मुजफ्फरनगर नगरीय में अपेक्षित सुधार की आवश्यकता चिन्हित की गई है। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि हमने इन ब्लॉकों की स्थिति की समीक्षा प्रारंभ कर दी है और जल्द इन क्षेत्रों के लिए विशेष निगरानी और प्रोत्साहन योजनाएं भी लागू की जाएगी, ताकि हर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं समान रूप से सशक्त हो सकें।

## खम्भे में उतरे करंट से किसान के बैल की मौत

**मीरापुर, 26 जुलाई (बु.)।** सड़क किनारे खड़े खम्भे में करंट उतरने से एक किसान के बैल की मौत हो गई। बैल की मौत से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश है। सिखरेड़ा निवासी किसान अशोक शर्मा पुत्र लखीराम शर्मा शनिवार की सुबह अपनी बैल-बुग्गी से खेतों पर पशुओं के लिए चारा लेने गया था। जब किसान अशोक चारा लेकर वापिस लौट रहा था, तो गांव के प्राथमिक विद्यालय के समीप खड़े बिजली के खम्भे में करंट उतर रहा था। इस दौरान खम्भे के बराबर में सड़क पर भरे पानी में भी करंट उतर आया। जैसे ही बैल वहाँ पहुँचा तो खम्भे में उतरे करंट ने बैल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बैल की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर दर्जनों ग्रामीण एकत्र हो गए तथा विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे। किसान ने मृतक बैल की कीमत आठ हजार रुपये बताई। ग्रामीणों की सूचना पर विद्युत विभाग के जेई सतीश कुमार भी मौके पर पहुँच गए तथा पीड़ित को मदद का आश्वासन दिया।

# सपा कार्यालय पर संविधान मान स्तंभ दिवस का आयोजन

### भाजपा सरकार पर लगाए गए संविधान हत्या के गंभीर आरोप

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** सपा कार्यालय महावीर चौक पर शनिवार को संविधान मान स्तंभ दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कैराना की सांसद इकरा हसन ने संविधान के मूल्यों व लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति जनचेतना को और मजबूत करने के उद्देश्य से सपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 2027 में एकजुटता के साथ काम करने की जरुरत पर बल दिया। चरथावल के विधायक पंकज मलिक ने कहा कि भाजपा की सरकार संविधान को तोड़ने का काम कर रही है। इसके चलते जनपद मुजफ्फरनगर में लोगों के कपड़े उतारकर उनके धर्म की पहचान करने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई सरकार कानून लाती है तो उसकी जिम्मेदारी है, उसे लागू करने की। अधिकारी आज बेलगाम हैं। यहां के विधायक एवं यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री शिकायत करते हैं कि एसडीएम उनकी बात नहीं मान रही। प्रयागराज के कैबिनेट मंत्री अधिकारियों की शिकायत करते हैं कि अफसरशाही हावी है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों हमारी बहन व पार्टी सांसद





इकरा हसन के साथ एडीएम द्वारा जो दुर्व्यवहार किया गया, एक सांसद के साथ यह व्यवहार सही नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि एक आम आदमी को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। इसी को लेकर यहां आज संविधान मान स्तंभ दिवस मनाकर रोष जताया गया है। इस दौरान पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, सपा राष्ट्रीय सचिव राजकुमार यादव व राकेश शमा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, पूर्व मंत्री मुकेश चौधरी, हाजी लियाकत अली ने अपने संबोधन में जिले की जनता से आह्वान किया कि संविधान के मान की रक्षा के लिए सपा के साथ मिलकर संघर्ष करना होगा तभी आरक्षण, नौकरी और वोट की सुरक्षा होगी। इस दौरान मुख्य रूप से सपा महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र त्यागी बॉबी, विनय पाल, नौशाद अली, सुखपाल सिंह, इस्लाम त्यागी, सोमपाल कोरी, पवन बंसल,सुरेश पाल, साजिद हसन, अनिता कश्यप, दीप्ति पाल, पूजा अंबेडकर आदि ने भी संबोधित किया।

# जिले में किन्हीं कारणों से 43 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की यूपी बोर्ड की जिले में शनिवार को संपन्न कंपार्टमेंट परीक्षा में परीक्षार्थियों ने शामिल होने के साथ परीक्षा दी। शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में संपन्न हुई परीक्षा में हाईस्कूल के 346 व इंटरमीडिएट के कुल 558 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से दोनों कक्षाओं की संपन्न परीक्षा में किन्हीं कारणों से इस दौरान 43 परीक्षार्थी परीक्षा देने ही नहीं पहुंचे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की यूपी बोर्ड परीक्षा मार्च माह में संपन्न हुई थी। उक्त परीक्षा के बाद परिणाम घोषित होने पर 10वीं एवं 12वीं में कुछ परीक्षार्थियों की विभिन्न विषयों में बैंक आ गई थी। ऐसे हालातों के बीच इन कम अंक के कारण परीक्षार्थियों ने



इम्प्रूवमेंट फार्म भरा था, जिसके बाद इन्हें कंपार्टमेंट परीक्षा का मौका दिया गया। शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा की राजकीय इंटर कालेज मुजफ्फरनगर में कंपार्टमेंट परीक्षा शुरू हुई, जिसमें शामिल सभी परीक्षार्थियों ने परीक्षा देने के साथ अपने आगे बढ़ने के मार्ग को बेहतर बनाने की कोशिश की।

*इन्होंने कहा-*

*"डीआईओएस राजेश कुमार श्रीवास ने बताया कि वर्ष 2025 की इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा में हाई स्कूल के 346 एवं इंटरमीडिएट के 358 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें से हाईस्कूल के 32 और इंटरमीडिएट के 11 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। उक्त परीक्षा बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई गई। बैंकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को कक्षों में प्रवेश दिया गया। दो पालियों में संपन्न परीक्षा में इस दौरान हर स्थिति में कड़ी नजरों के बीच परीक्षा को संपन्न कराया।"*

## चौथी मंजिल से कूदी 10वीं की छात्रा की मौत

**अहमदाबाद, 26 जुलाई (एजेंसी)।** नवरंगपुरा के सोम ललित स्कूल की 15 वर्षीय कक्षा 10 की छात्रा, जिसने गुरूवार को स्कूल भवन की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी थी, ने देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना में लड़की लॉबी में जाती हुई, चाबी का गुच्छा घुमाती हुई और अचानक रेलिंग से छलांग लगाती हुई दिखाई दे रही है। पुलिस के अनुसार, लड़की ने दोपहर 12.27 बजे स्कूल की चौथी मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी। कथित तौर पर उसके दोस्त ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन नाकाम रही। उसके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं और उसे नवरंगपुरा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया। बाद में उसे दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करने की योजना थी, लेकिन रात 10 बजे के आसपास उसकी मौत हो गई।

## सपा विधायक ने कांवड़ यात्रा में जाने वालों को कहा- 'अनपढ़' और 'अंधविश्वासी

**लखनऊ, 26 जुलाई (एजेंसी)।** जबसे कांवड यात्रा बिना किसी उन्माद और हिंसा के सफल हुई है मानो कुछ राजनीतिक दलों के नेताओं की नींद उड़ गई है। कांवड को लेकर सपा नेता के फिर से बोल बिगड़े हैं। उत्तर प्रदेश के सिकंदरपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक ने विवादित बयान दिया है। सपा विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने शनिवार को दावा किया कि कांवड़ यात्रा में किसी बड़े नेता या उद्योगपति के परिवार के लोग नहीं बल्कि गांव के अनपढ़ और अंधविश्वास में फंसे लोग जाते हैं। सपा विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी के बयान पर योगी सरकार के मंत्री ने पलटवार किया है। यूपी के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कांवड़ यात्रा आस्था का विषय बताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि शिव भक्त बनने के लिए पढ़ाई-लिखाई की जरूरत नहीं होती है। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे मोहम्मद रिजवी ने जिला मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा में अनपढ़ और अंधविश्वास में फंस जाते हैं। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया, 'कावड़ यात्रा में फूल बरसाये जा रहे हैं। कोई बताए भारतीय प्रशासनिक सेवा (क्अर), प्रांतीय सिविल सेवा का बेटा, भारतीय जनता पार्टी के किसी सांसद और विधायक का बेटा कावड़ यात्रा में क्यों नहीं गया।'



# गैंगस्टर के साथ पुलिस की मुठभेड़, बदमाश घायल

**जानसठ, 26 जुलाई (बु.)।** शनिवार की रात लगभग नौ बजे पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग से गांव भलेड़ी को जाने वाले रास्ते पर बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई। एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस जब पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग से गांव भलेड़ी के रास्ते के सामने चेकिंग कर रही थी, तभी गांव भलेड़ी की ओर से एक युवक बाइक द्वारा राजमार्ग की तरफ आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे घेर लिया, तो वह गांव की ओर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया गया। अपने आप को पुलिस से घिरा देख उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी बदमाश को घेर लिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश लाल सिंह पुत्र फक्कर निवासी चंदपुर थाना बड़ागांव जनपद सहारनपुर है। थाना प्रभारी ने बताया कि लाल सिंह थाने का गैंगस्टर है। पुलिस ने उसके पास चोरी की एक बाइक, एक तमंचा व कारतूस व खोका बरामद किया है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। पकड़े गए बदमाश पर रूपये15000 का इनाम था और उस पर करीब 22 मुकदमे पंजीकृत हैं। कोतवाल राजीव शर्मा ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश लाल सिंह हरियाणा प्रदेश सहित जनपद मुजफ्फरनगर सहारनपुर और हापुड़ में दर्जनों घटनाओं को अंजाम दे चुका है। पुलिस रिकॉर्ड में उक्त



बदमाश पर करीब 22 मुकदमे दर्ज हैं। थाना जानसठ के मुकदमा अपराध संख्या 129/25 व 2/3 गैंगस्टर में वांछित था।

## शाहपुर के कुटबी में संघर्ष, कांच की बोतल से छात्र गंभीर घायल

**शाहपुर, 26 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव कुटबी निवासी दलित सुनील ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव का ही अनुज उससे रंजिश रखता है। उसने आरोप लगाया कि शनिवार को उसका पुत्र शिवा स्कूल से घर वापस आ रहा था, जब वह अनुज के मकान के सामने पहुंचा, तो वहां मौजूद अनुज का भाई अंकुश व गांव का ही काला उसके पुत्र को अपने मकान के अंदर खींचने लगे और उसके सिर में कांच की बोतल मार कर घायल कर दिया, जिसके चलते वह बेहोश हो गया। सूचना पर वह मौके पर पहुंचा, तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पीड़ित ने बताया कि 26 जून को अनुज ने उसके साथ मारपीट करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया था, जिसके संबंध में उसने मुकदमा दर्ज कराया था। उसने बताया कि इसके बाद 16 जुलाई को जब वह अपने घर के अंदर सो रहा था, तो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके घर पर उसे जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी थी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके द्वारा दर्ज मुकदमे को वापस लेने के लिए आरोपी उस पर दबाव बना रहे है तथा धमकी दे रहे है। पुलिस ने बताया कि तहरीर पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ व एआरओ परीक्षा- 2025 आज 28 केंद्रों पर होगी। परीक्षा को नकलविहीन, शुचितापूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों को तीन जोन और 28 सेक्टरों में बांटा है। सभी केंद्रों पर एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित केंद्र प्रभारियों की निगरानी में परीक्षा होगी। परीक्षा से एक दिन पूर्व डीएम-एसएसपी, डीआईओएस ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को आंकलन किया। कई केंद्रों पर छोटी-मोटी कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए गए। आज जिले में बने 28 केंद्रों पर 13032 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे शुरू होकर साढ़े 12 बजे तक चलेगी। जिले को तीन जोन में बांटा है, जिसमें जोनल मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी तीनों एडीएम को सौंदी गई है। परीक्षा की तैयारियों को डीएम उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने एसडी पब्लिक स्कूल, एमजी पब्लिक स्कूल, डीएस पब्लिक स्कूल व ग्रेन



चेम्बर पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया। वहां सीसीटीवी कैमरों, जैमर, बायोमैट्रिक स्कैनर, मुख्य प्रवेश पर चैकिंग, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, पेयजल, अभ्यर्थियों के मोबाइल, बैग इत्यादि जमा करने की व्यवस्था को चेक किया गया। डीएम ने केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि परीक्षा देने आए सभी अभ्यर्थियों की विधिवत चैकिंग व प्रवेश पत्र सत्यापन होने के उपरान्त ही प्रवेश दें, किसी भी अभ्यर्थी को कोई इलैक्ट्रानिक डिवाइस परीक्षा केंद्र में न ले जाने दी जाए। परीक्षा के दृष्टिगत विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है साथ ही परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को ट्रैफिक की समस्या न हो, इसके लिये पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है।

## शाहपुर में बिना मान्यता चल रहे पांच स्कूलों को नोटिस जारी

**शाहपुर, 26 जुलाई (बु.)।** खंड शिक्षा अधिकारी ने क्षेत्र में बिना मान्यता के संचालित किए जा रहे पांच स्कूलों के संचालकों को नोटिस देकर तीन दिन के अंदर विद्यालय बंद करने का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का नोटिस दिया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय भारती ने गांव कसेरवा के चार विद्यालय चौपाल स्कूल, फिजा एजुकेशन पैलेस, लिमरा पब्लिक स्कूल व सर्वोदय पब्लिक स्कूल के अलावा गांव सावटु स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को नोटिस देकर अवगत कराया था कि क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान उक्त पांचों विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के तत्वावधान में बिना मान्यता प्राप्त किए विद्यालय का संचालन किया जा रहा है, जो शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत बिना मान्यता प्राप्त किए विद्यालय का संचालन करना एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों के संचालकों को पूर्व में भी नोटिस देकर विद्यालय का संचालन बंद करने को कहा गया था। बावजूद इसके शनिवार तक इन विद्यालयों के संचालकों ने कार्यालय में विद्यालय बंद करने का प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं कराया। खंड शिक्षा अधिकारी ने उक्त विद्यालयों के संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीन दिन के अंदर बिना मान्यता प्राप्त करने वाले विद्यालयों का संचालन बंद करने का प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया, तो उनके विरुद्ध जुर्माना के अलावा विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मैनपुरी के मंदिर में छात्रा को 4 गोली मारी, आरोपी पकड़ा

**मैनपुरी, 26 जुलाई (एजेंसी)।** मैनपुरी में शिव मंदिर में पूजा कर रही छात्रा को सिरफिरे प्रेमी ने गोली मार दी। आरोपी पहले से मंदिर के अंदर मौजूद था। छात्रा ने जैसे ही पूजा शुरू की, आरोपी ने मंदिर का गेट बंद कर दिया। इसके बाद डंडे से हमला कर दिया। चिल्लाने पर आरोपी युवक ने कमर से तमंचा निकाला और छात्रा को एक के बाद एक 4 गोलियां मारी। छात्रा मंदिर में लहूलुहान होकर गिर पड़ी। गोली की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लड़की की मां और भाई ने उसे गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां से डॉक्टरों ने उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना के तीन घंटे बाद पुलिस ने आरोपी को एनकाउंटर के दौरान पैर में गोली मारकर पकड़ा। गोली लगने के बाद भी वह हंस रहा था। जांच में सामने आया है कि एकतरफा प्यार में युवक छात्रा पर शादी का दबाव बना रहा था। शादी से इनकार करने पर उसने वारदात को अंजाम दिया। घटना शनिवार सुबह महाराजा तेज सिंह किले के पास बने रानी शिव मंदिर की है।

## फैक्ट्री में चोरी की आरोपी की फैक्ट्री मालिक ने की धुनाई

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** शनिवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर में एक सीमेंट फैक्ट्री जोकि समीर ट्रेडर्स के नाम से है, में एक चोर चोरी कर रहा था, जिस समय वह चोरी कर रहा था तो फैक्ट्री मालिक समीर ने उसे देख लिया और रंगे हाथा पकड़कर जमकर धुनाई की। फैक्ट्री मालिक समीर ने शहर कोतवाली में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है और आरोपी पुलिस को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि चोर नगर के मौ. जनकपुरी का निवासी है।



# पालिका ने चलाया भगत सिंह रोड पर पॉलीथिन मुक्त अभियान

### दुकान बंद कर भागे कारोबारी तीन दुकानदारों पर हुई कार्रवाई ▶▶ 10 हजार जुर्माना वसूलने के साथ जब्त की 5.5 किग्रा पन्नी

**मुजफ्फरनगर, 26 जुलाई (बु.)।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक को प्रभावी बनाने के साथ स्वच्छ एवं पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित शहर की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में सक्रिय हुए पालिका प्रशासन ने शनिवार को भगत सिंह रोड पर सघन चैकिंग अभियान चलाया। इस बीच ईओ के निर्देशन में शुरू अभियान के दौरान दुकानदारों को शासन की मंशा से अवगत कराते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक के गिलास, चम्मच, थर्माकोल एवं पॉलीथिन के उपयोग और बिक्री पर सख्ती बरती गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से न केवल प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई, बल्कि उन पर जुर्माना लगाते हुए स्पष्ट किया कि भविष्य में प्लास्टिक प्रदूषण किसी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पालिका प्रशासन की ओर से शुरू अभियान के तहत शनिवार को पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के निर्देशानुसार शासन के आदेशों के क्रम में शनिवार में भगत सिंह रोड पर सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता को बढ़ावा देने के पवित्र उद्देश्य से संचालित किया। अभियान के बीच दुकानदारों को पालिका टीम ने शासन के निर्देशों के क्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक के गिलास, चम्मच, थर्माकोल के बर्तन एवं एक बार उपयोग में आने वाली पॉलीथिन थैलियों का उपयोग न करने तथा इन्हें न बेचने के लिए जागरूक किया। टीम ने ऐसे में सभी दुकानदारों को समझाया कि ऐसे प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग न केवल पर्यावरण में हानिकारक है, बल्कि यह शासन द्वारा पूरी तरह प्रतिबंधित भी है। पालिका टीम ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भविष्य में ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे और प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पालिका टीम ने छापेमारी करते हुए भगत सिंह रोड पर स्थित मौहम्मद अली, मौहम्मद सलमान और नरेंद्र कुमार नामक तीन दुकानदारों से कुल 5.5 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त करने के साथ संबंधित दुकानदारों पर 10,000 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। इस छापामार अभियान में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही, सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल एवं वैशाली सोती, कार्यवाहक कर अधीक्षक पारुल यादव, राजस्व निरीक्षक अमरजीत सिंह व अमित कुमार, स्वच्छ भारत मिशन से लिपिक आकाश दीप एवं रुचि शर्मा, कर विभाग के बिल संग्रहक मनीष, शोभित, विकास शर्मा, मनीष व वसीम तथा आईटीसी मिशन सुनहरा कल से दीपक सैनी आदि मौजूद रहे।



